PRABHAT KHABAR, KOLKATA 26.06.07

बीएसएनएल की सुविधा बेहतर बनाने के लिए आंदोलन

संवाददाता

कोलकाता : भारतीय संचार निगम लिमिटेड के संचार निगम एक्जिक्यूटिव एसोसिएशन (इंडिया) के कोलकाता शाखा की ओर से आज विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन में मौजूद एसोसिएशन के सदस्यों का कहना है कि जहां अन्य मोबाइल सेवा उपलब्ध करानेवाली कंपनियों की स्थिति बेहतर होती जा रही है, वहीं आपसी नीति के कारण बीएसएनएल का बाजार गिरता जा रहा है. एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप साहा ने आरोप लगाया कि बीएसएनएल की लापरवाही के कारण ही उसका बाजार खत्म होता जा रहा है. साढ़े चार करोड़ मोबाइल कनेक्शन के टेंडर पास नहीं होने के कारण बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या घटती जा रही है. उन्होंने बताया कि इन टेंडरों के पास होते ही ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और इससे हम अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं दे पायेंगे. इस बाबत राज्य सभापति दिलीप साहा ने राज्यसभा के सदस्य व पोलित ब्यूरो के सदस्य सीताराम येचुरी से भी इस बाबत बातचीत की. श्री येचुरी ने इस समस्या के निपटान के लिए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को ज्ञापन सौंपा. श्री साहा ने कहा कि इस बाबत एसोसिएशन की ओर से भी ज्ञापन सौंपा जायेगा.

कनेक्शन में लगनेवाले समय के बारे में भी दिलीप साहा ने अपनी कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि इसे शीघ्र ही दुरुस्त करने की योजना है. इस योजना के तहत ग्राहकों को एक-दो दिनों में कनेक्शन देने की योजनाएं बनायी जा रही हैं. उन्होंने बताया कि अगर इन योजनाओं को पूरा नहीं किया गया तो व्यापक स्तर पर आंदोलन छेड़े जायेंगे.

VISWAMITRA 24 June 2007, Kolkata Edition

बीएसएनएल को बचाने के लिए २५ व २१ जून को देश व्यापी आंदोलन : तापस

कोलकाता, २३ जून (नि.प्र.)। मोबाइल सेक्टर की छह मुख्य दूरसंचार संचालकों में से एक बीएसएनएल को बर्बाद होने से बचाने के लिए तत्काल साधन सुनिश्चित करने हेतु संचार निगम एक्सक्यूटिव्स एसोसियेशन (इंडिया) २५ और २१ जून को देशव्यापी आन्दोलन करेगा। एसोसियेशन के पश्चिम बंगाल शाखा के सचिव तापस घोष ने कहा कि देश में बीएसएनएल की सम्पूर्ण उपकरण क्षमता खत्म हो चुकी है। ४५.५ मिलियन मोबाइल कनेक्शन के लिए जीएसएम उपकरण खरीद का आर्डर देने में प्रबंधन विलंब कर रहा है। प्रबंधन बीएसएनएल को खत्म करने की साजिश रच रहा है। खरीद आर्डर में विलंब के कारण बीएसएनएल की मोबाइल सेवा की वृद्धि बाधित हो रही है। प्रबंधन एवं मंत्रालय इस मामले में बिल्कुल मौन साधे हुए है। घोष ने कहा कि बीएसएनएल प्रबंधन तथा दूरसंचार मंत्रालय का ध्यान बीएसएनएल की मूल समस्याओं की तरफ आकर्षित करने के लिए एसोसियेशन २५ जून को सभी मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगा तथा २१ जून को देश व्यापी धरना देगा। उन्होंने कहा कि इस धरना-प्रदर्शन का उद्देश्य बीएसएनएल की सेवा को बाधित करना नहीं है। एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहा ने कहा कि उपकरण प्राप्ति मामले में विलंब के कारण बीएसएनएल की स्थिति खराब है। हमलोग इसको बचाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल की आधारभूत संरचना का व्यवहार कर निजी मोबाइल कंपनियां अपना विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि हमलोगों के आन्दोलन का उद्देश्य बीएसएनएल को बचाना प्रबंधन की साजिश को खत्म करना, उन शक्तियों की पहचान करना जो बीएसएनएल को बर्बाद करना, ४५.५ मिलियन मोबाइल कनेक्शन के लिए खरीद ऑर्डर तत्काल देने, बीएसएनएल की मोबाइल सेवा के विस्तार में विलंब के खिलाफ है।